Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to provide funds for development of Mahatma Gandhi Prani Sangrahalaya, Solapur, Maharashtra-laid.

डॉ. जयसिद्धेश्वर शिवाचार्य स्वामीजी (शोलापुर) : मै माननीय मंत्री जी से नम्र निवेदन करता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र सोलापुर मे प्राणी संग्रहालय की अति आवश्यकता हैं । 97.5 एकड़ क्षेत्र मे सोलापुर महानगरपालिका अंतर्गत महात्मा गांधी प्राणी संग्रहालय कार्यरत है । प्राणी संग्रहालय केंद्रीय प्राणी संग्रहालय के अंतर्गत मौजूद हैं । केंद्रीय प्राणी संग्रहालय प्राधिकरण से 7.7 करोड रूपये अनुदान प्राप्त हुआ है । प्राणी संग्रहालय विकसित करने हेतु केंद्रीय प्राणी संग्रहालय प्राधिकरण से अपेक्षित निधि न मिलने के कारण प्राणी संग्रहालय सही रूप से विकसित नही हो पा रहा है । सोलापुर शहर के पचास किलोमीटर की परिधि मे एक भी प्राणी संग्रहालय नही है । आंध्र प्रदेश एवं कर्नाटक राज्य से सटे सोलापुर शहर का निर्माण स्मार्ट सिटी के रूप मे होने के कारण यहाँ प्राणी संग्रहालय की अत्यंत आवश्यकता हैं । अतः मैं माननीय मंत्री जी से नम्र निवेदन करता हूँ कि महात्मा गांधी प्राणी संग्रहालय सोलापुर के विकास हेतु अपने विभाग द्वारा दस करोड़ रुपये की धनराशि विशेष अनुदान के रूप मे देकर इस संग्रहालय को विकसित करें ।